Bharat Temples

जीवन तेरा बीता जाए,
क्यों मन भटकाए,
आओ मिल के श्याम धुन गाएं,
जय जय राधे जय जय राधेश्याम,
जय जय राधे जय जय राधेश्याम।।

तर्ज पग पग दीप जलाए।

जीवन में कहाँ आराम,
सुबहो शाम काम ही काम,
दो घड़ी तो प्यारे,
तू ले भगवन का नाम,
अंत समय जब आए,
ना कुछ संग जाए,
ये प्रभु नाम होंठो पे आए,
जय जय राधे जय जय राधेश्याम,
जय जय राधे जय जय राधेश्याम।।

दुनिया की अजब है रीत,
बिन मतलब नहीं कोई मीत,
प्रभु वंदना में,
मिलेगी सच्ची प्रीत,
मोह माया में भरमाए,
क्यों वक्त गंवाए,
पल दो पल तो प्रभु नाम गाएं,

जय जय राधे जय जय राधेश्याम,
जय जय राधे जय जय राधेश्याम।।

अब तो कर ले तू चिंतन,
चलती रहेगी ये उलझन,
ये तेरा ये मेरा,
में बिता जाए जीवन,
अंकुश ये बतलाए,
ये बात समझाए,
बिता वक्त लौट के ना आए,
जय जय राधे जय जय राधेश्याम,
जय जय राधे जय जय राधेश्याम।।

जीवन तेरा बीता जाए,
क्यों मन भटकाए,
आओ मिल के श्याम धुन गाएं,
जय जय राधे जय जय राधेश्याम,
जय जय राधे जय जय राधेश्याम।।

Singer Ajay Nathani

Source:
https://www.bharattemples.com/jeevan-tera-beeta-jaye-kyo-man-bhatkaye/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw